# चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांकः कमेटी सेल/प्रोफे० कोर्स/5969
दिनांकः 28.06.2024

## प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एल०एल०आर०एम० मेडिकल कॉलेज में अध्यनरत **बी०एससी० नर्सिग, प्रथम सेमेस्टर (Supplimentry) बी०एससी० नर्सिग, द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2023–24 (Main & Supplimentary) बी०एससी० नर्सिग तृतीय सेमेस्टर सत्र 2022–23 (Main) एवं एम०एससी० नर्सिग, प्रथम वर्ष (Main & Supplimentry )** के पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों की परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** पर ऑन लाईन (On Line) भरें जायेंगे। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त नर्सिग संस्थानों में अध्ययनरत **बी०एससी० नर्सिग चतुर्थ वर्ष (Main & Supplimentry)** छात्रों के परीक्षा फार्म भरने की तिथि निम्नानुसार विस्तारित की जाती है। परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया निम्न प्रकार होगीः–

**फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने से पूर्व निर्देशों को ठीक से पढ़ेंः–**

1. सर्वप्रथम विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** पर जाकर B.Sc./ M.Sc. Nursing Form पर Click करें।

2. समस्त सम्बन्धित विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरते समय अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। विद्यार्थी अपने परीक्षा फार्म पर अलग से फोटो न चिपकाये अन्यथा की दशा में परीक्षा फार्म निरस्त किया जायेगा। विद्यार्थी अपना परीक्षा फार्म ध्यान से भरे क्योकि परीक्षा फार्म केवल एक बार ही भरा जायेगा।

3. परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क ऑन लाईन के माध्यम से ही भरी जायेगी। किसी भी स्थिति में ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऑन लाईन शुल्क की प्रति परीक्षा फार्म के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

4. परीक्षा फार्म में वाँछित सूचनायें इन्टरनेट पर ऑन लाईन (On Line) ही भरे जायेगी।

5. उपरोक्तानुसार पूर्ण रूप से भरे गये परीक्षा फार्म को परीक्षार्थी द्वारा सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराया जायेगा। महाविद्यालय/संस्थान का यह दायित्व होगा कि वह प्रत्येक प्राप्त परीक्षा फार्म की जाँच कर यह सुनिश्चित् करें कि फार्म के साथ वाँछित संलग्नक लगाये गये हैं अथवा नहीं ?

6. महाविद्यालय/संस्थान से प्राप्त हुए परीक्षा फार्मों में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों के सम्बन्ध में कोई त्रुटि विश्वविद्यालय स्तर पर पायी जाती है और इस कारण से किसी छात्र का परीक्षा फार्म निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक की होगी, विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**विशेष निर्देशः–**

i. फार्म विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने के समय महाविद्यालय/संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रत्येक वर्ष/सेमेस्टर के परीक्षा फार्म एल्फावेटिकल, वर्ष वार एवं अनुक्रमांकवार बांधकर, उसी क्रम में, कम्प्यूटर एजेन्सी द्वारा बनायी गयी ऑन लॉइन नॉमिनल रोल लिस्ट और उसकी सौफ्ट कॉपी भी बनाकर लायें, हाथ से बनी हुई नहीं।

ii. महाविद्यालय द्वारा केवल अर्ह छात्रों के परीक्षा फार्म ही ऑनलाईन पोर्टल पर अग्रसारित किये जाये।

**उपरोक्त परीक्षाओं हेतु फार्म जमा कराने की तिथियां निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैं:–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विश्वविद्यालय वेबसाईट पर परीक्षा फार्म ऑन लाईन उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि | **01.07.2024** |
| 2. | अभ्यर्थियों द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म एवं ऑन लाईन परीक्षा शुल्क सहित परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | **07.07.2024** |
| 3. | भरे गये परीक्षा फार्म को सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराने की अन्तिम तिथि | **08.07.2024** |
| 4. | महाविद्यालय/संस्थान द्वारा परीक्षा फार्म को विश्वविद्यालय में जमा कराने की अन्तिम तिथि | **09.07.2024** |

कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि अन्तिम तिथि के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी का कोई भी फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

28/6/24

**परीक्षा नियंत्रक**

***प्रतिलिपिः***– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्राचार्या, कॉलेज ऑफ नर्सिंग, एल0एल0आर0एम0 मेडिकल कॉलेज सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु।
2. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. संकायाध्यक्ष, चिकित्सा, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
4. आशुलिपिक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
5. उप कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)।
6. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
7. प्रभारी, (सीक्रेसी), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
8. प्रभारी, व्यावसायिक पाठ्यक्रम (रिजल्ट सैल), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
9. प्रभारी (सामान्य/भण्डार)।
10. आशुलिपिक कुलसचिव।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
12. प्रभारी, वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र।
13. विश्वविद्यालय सूचना पट।

28/06

**उप कुलसचिव (व्या0परीक्षा)**